Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to ensure gas supply for NIPCO power projects in Manarachak, North-East region of India.

सुश्री प्रतिमा भौमिक (त्रिपुरा पश्चिम): अध्यक्ष महोदय, आज मुझे इस ऐतिहासिक दिन पर बोलने का मौका मिल रहा है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं ।

यह मेरी कांस्टीटुएंसी और मेरे स्टेट का विषय है, लेकिन यह पूरे नॉर्थ-ईस्ट का भी विषय है। नीप्को का एक प्रोजेक्ट है, जो अटल बिहारी वाजपेयी जी के टाइम में 560 मेगावाट का पावर प्रोजेक्ट मानारचक में बनना था । जब हमारी सरकार चली गई, तब यूपीए सरकार ने 560 मेगावाट की जगह 100 मेगावाट का पावर प्रोजेक्ट बना दिया । आपके माध्यम से मैं कहना चाहती हूं कि नीप्को के ऑफिसर लोग चाहते हैं कि वहां 560 मेगावाट का पावर प्रोजेक्ट बने । उसके लिए पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार है । अगर पेट्रोलियम मंत्रालय से गैस मिलने का एश्योरेंस मिल जाए तो वहां पर दो साल के अंदर 560 मेगावाट पावर प्रोजेक्ट की जो प्लानिंग है, जो 460 मेगावाट का प्लांट लगना बाकी है, उसे करने के लिए नीप्को तैयार है । आपके माध्यम से, मैं पेट्रोलियम मिनिस्टर से रिक्वेस्ट करती हूं कि गैस मिलने का एश्योरेंस मिल जाएगा तो नॉर्थ-ईस्ट में 90 प्रतिशत लोगों को, चाहे वे स्किल्ड हों या अनस्किल्ड हों, उनको काम मिलेगा, नौकरी मिलेगी । मैं आपके माध्यम से पेट्रोलियम मिनिस्टर से रिक्वेस्ट करती हूं कि अगर वे गैस देने का एश्योरेंस दें तो नीप्को वह प्रोजेक्ट दो साल में पूरा करने के लिए तैयार है । धन्यवाद ।